बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर (राज.)

ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया : 2023-24

विद्यार्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश

बीए प्रथम वर्ष (पास कोर्स एवं ऑनर्स) की मेरिट लिस्ट और वेटिंग लिस्ट वाले सभी विद्यार्थियों को निर्धारित खिड़की (Window) पर प्रवेश समिति सदस्यों से अपने मूल दस्तावेज़ सत्यापित करवाकर ई-मित्र पर फीस जमा करवानी है। विद्यार्थी अपने साथ निम्न मूल दस्तावेज़ और उनकी स्व-हस्ताक्षरित छायाप्रति महाविद्यालय में साथ लेकर आवें।

- मूल आवेदन पत्र
- बधाई पत्र
- 10वीं और 12वीं की अंकतालिका (ऑरिजिनल और फोटोकॉपी)
- टीसी और सीसी (ऑरिजिनल)
- जाति प्रमाण पत्र (ऑरिजिनल और फोटोकॉपी)
- मूल निवास प्रमाणपत्र (ऑरिजिनल और फोटोकॉपी)
- बोनस प्रमाण पत्र (ऑरिजिनल और फोटोकॉपी)
- आय का घोषणा पत्र-अभिभावक/संरक्षक द्वारा हस्ताक्षर किया हुआ (ऑरिजिनल)
- आधार और जनाधार (ऑरिजिनल और फोटोकॉपी)

ओबीसी व एमबीसी (OBC & MBC) के आवेदकों के लिए विशेष सूचना

- OBC/MBC का जाति प्रमाण पत्र दिनांक 28.06.2020 से पहले का बना हुआ नहीं होना चाहिए। इस तारीख से पहले का बना हुआ जाति प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि OBC/MBC का जाति प्रमाण पत्र 1 वर्ष से अधिक पुराना है तो ऐसे विद्यार्थियों को Non-Creamy Layer (Schedule 3) / गैर- क्रीमी लेयर (अनुसूची ङ) का शपथ पत्र भरना होगा।

ईडबल्यूएस (EWS) के आवेदकों के लिए विशेष सूचना

- आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (EWS) का प्रमाण पत्र सत्र 2021-22 , 2022-23 और 2023-24 का ही मान्य है, इससे पहले का नहीं।
- जिन विद्यार्थियों का EWS का प्रमाण पत्र सत्र 2021-22 और 2022-23 का बना हुआ है वे अपने साथ Income & Asset Certificate की वैधता हेतु निर्धारित शपथ पत्र अनिवार्य रूप से लेवें।

विषय संयोजन (Subject Combination) के बारें में विशेष सूचना

सभी विद्यार्थी अपने आवेदन पत्र में भरे गए विषय संयोजन (Subject Combination) को ध्यानपूर्वक जांच लें। कम से कम तीन विषय संयोजन के सामने ✓ का निशान लगाकर वरीयता क्रम 1, 2, 3 अंकित कर अपने हस्ताक्षर करें। यदि विद्यार्थी को कोई अन्य Subject Combination का चुनाव करना है तो वह Subject Combination की लिस्ट में से देखकर अपने आवेदन पत्र में अंकित कर अपने हस्ताक्षर करे।

- विषय का आवंटन मेरिट और विषय में उपलब्ध सीटों के आधार पर किया जाएगा।

नोट- आवेदन पत्र पर यथास्थान विद्यार्थी के और अभिभावक/संरक्षक के हस्ताक्षर होने चाहिए। सभी दस्तावेजों की फोटोकॉपी पर विद्यार्थी के स्वयं के हस्ताक्षर होने चाहिए। विद्यार्थी अपने आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की गलत सूचना नहीं दे और न ही किसी नियमानुसार वांछित सूचना को छिपाने का प्रयास करे। उपरोक्त दस्तावेजों (Documents) के बिना या अधूरे आवेदन पत्र के साथ कोई विद्यार्थी महाविद्यालय में आकर लाइन में नहीं लगे क्योंकि इनके बिना उसका आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

दस्तावेज़ सत्यापन के बाद ई-मित्र पर अपनी फीस अवश्य जमा करवानी है।